# QUESTION POOL

# HINDI

# STD - X

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, (SCERT) केरल

द्वारा निर्मित

**2011**

# Unit - 2

**1. अध्ययन लक्ष्य : प्रसंगानुकूल डायरी लिखने की अवधारणा।**

**उपन्यास का यह अंश पढ़ें।**

"रोगियों को बचाने का काम न डॉक्टर का है, न दवाओं का, वह प्रभु का है।" पूरा घंटा बीत गया। पर किसी को पता नहीं चला। देवदास को लगा कि एक आँधी उभरी और थम गई।

**1.1 यह किसका कथन है?** 1

**(देवदास का, प्रो.डी.कुमार का, ट्यूटर का)**

**1.2 एनॉटमी हाल के अनुभव के बारे में देवदास ने अपनी डायरी में लिखा। डायरी का वह पन्ना लिखें।** 4

**2. अध्ययन लक्ष्य : प्रसंगानुकूल वार्तालाप तैयार करना।**

**उपन्यास का यह अंश पढ़ें।**

"देवदास की सहयोगी है लक्ष्मी। लक्ष्मी को यह बंटवारा बिलकुल पसंद नहीं आया। वह कोई लड़की सहयोगी चाहती थी।"

**2.1 इस प्रसंग पर देवदास और लक्ष्मी के बीच का वार्तालाप लिखें।** 4

**3. अध्ययन लक्ष्य : प्रसंगानुकूल पोस्टर तैयार करना।**

**उपन्यास का यह अंश पढ़ें।**

"प्रभु ने इन्हें हमारी मदद के लिए भेजा है। मरने के बाद भी ये लोग अपनी जाति के काम आते हैं।"

**3.1 यहाँ अवयवदान की महिमा बताई गई है। अवयवदान के महत्व की सूचना देते हुए एक पोस्टर तैयार करें।** 3

**4. अध्ययन लक्ष्य : चिकित्सा संबंधी पारिभाषिक शब्दों की अवधारणा।**

**निम्नलिखित अंश पढ़ें।**

गोपाल अपने बच्चे का Vaccination कराने Hospital पहुँचा। नर्स ने कहा पहले Temparature देखें। बाद में Laborotary जाकर खून की जाँच कराकर आएँ।

**4.1 अंग्रेज़ी शब्दों के स्थान पर हिंदी पारिभाषिक शब्द जोड़कर खंड का पुनर्लेखन करें।** 2

**5. अध्ययन लक्ष्य : उपन्यास के अंश का आशय समझना ।**

**यह अंश पढ़ें ।**

"प्रो. डी. कुमार कहने लगे - 'आप सब डॉक्टर हैं। आप के लिए एक ही संसार है, रोगियों का संसार। वे ही अपकी खुशी और रंज हैं।'"

**5.1 डॉक्टर का काम दुनिया का महत्वपूर्ण पेशा है-आपका क्या विचार है?** 2

**6. अध्ययन लक्ष्य : विशेषण का प्रयोग करना।**

**यह अंश पढ़ें।**

"घर के सामने एक छोटा बगीचा है। उसमें हरे पत्तों के बीच रंगबिरंगे फूल खिले थे। कहीं से एक नटखट बंदर आया। फूलों को तोड़ डाला।"

**6.1 विशेषण शब्द चुनकर लिखें।** 2

**7. अध्ययन लक्ष्य : प्रसंगानुकूल पत्र लेखन की अवधारणा।**

**साक्षात्कार का यह अंश पढ़े।**

"यह पुरस्कार सही मौके पर मिला है। हमें उम्मीद है कि इससे मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान से स्थानीय स्तर पर भी हमारे काम को सराहना मिलेगी। लेकिन अभी हमें बहुत कुछ करना है।"

**7.1 मैगसैसे पुरस्कार विजेता डॉ. वी.शांता जी को बधाई देते हुए पत्र लिखें**4

**8. अध्ययन लक्ष्य : प्रसंगानुसार पोस्टर तैयार करने की अवधारणा।**

मैगसैसे पुरस्कार विजेता डॉ.वी.शांता को कैंसर इंस्टीट्यूट में बधाई समारोह का आयोजन किया है।

**8.1 समारोह से संबंधित एक पोस्टर तैयार करें।** 2

**9. अध्ययन लक्ष्य : साक्षात्कार का अंश विश्लेषण करना ।**

"नई जीवन - शैली की वजह से हमारे देश में कैंसर पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है।"

**9.1 आप की राय में कैंसर पीड़ितों की संख्या बढ़ने के क्या - क्या कारण हो सकते हैं?** 2

## 10. अध्ययन लक्ष्य : क्रिया के काल-भेद समझना।

**10.1 संशोधन करें।**

पिताजी ने पिछले हफ़्ते ही चिट्ठी भेजे होंगे, पर हमें तो अभी तक नहीं मिले। फोन पर जब उन्होंने बताई तभी हमें पता चला कि वे आज आ रहा है। 2

## 11. अध्ययन लक्ष्य : समकालीन कविता का भाव समझना।

**कविता का यह अंश पढ़ें।**

आज निर्मम हो गया इन्सान
एक ऐसा भी समय था
कांपता मानव हृदय था
बात सुनकर, हो गया कोई कहीं बलिदान।

एक ऐसा भी समय है
हो गया पत्थर हृदय है
एक देता शीश, सोता एक चादर तान
आज निर्मम हो गया इन्सान।

चादर तानकर सोना - മൂടിപുതച്ച് ഉറങ്ങുക

शीश देना - ബലിദാനം ചെയ്യുക

**11.1 कवि ने इंसान के किस स्वभाव की ओर संकेत किया है?** (1)

(निर्ममता, दया, त्याग, ममता )

11.2 **आज के ज़माने और पुराने ज़माने में अंतर क्या है?** (1)

11.3 **कवितांश का भाव लिखें।** (2)

# Unit - 3

## 12. अध्ययन लक्ष्य : समाचार की भाषा - शैली की अवधारणा।

"यह बात फैलते - फैलते अखबार वालों तक
इस तरह पहुँची कि किसी ने नगर की
संकरी गंदी गली में रोता हुआ बच्चा छोड़ दिया है।"

**12.1 अगले दिन के समाचार पत्र में यह समाचार कैसे आया होगा? लिखें।** 4

## 13. अध्ययन लक्ष्य : समकालीन कविता का भाव समझना।

**कविता का यह अंश पढ़ें।**

"गंदगी में लिपटे बच्चे को गोद में उठाकर चुप कराने की हिम्मत किसी में नहीं थी।"

**13.1 अगर आप भी उस जगह होते तो क्या करते ?** 2

## 14. अध्ययन लक्ष्य : प्रसंगानुसार वार्तालाप तैयार करने की अवधारणा।

**कहानी का यह अंश पढ़ें।**

"डौली पिल्लों को खोजती ही फिरी। आखिर मेहतर से उसे मालूम हो गया कि वे गरम पानी में डुबोकर मार डाले गए हैं।"

**14.1 इस प्रसंग पर डौली और आया के बीच का वार्तालाप तैयार करें।** 4

## 15. अध्ययन लक्ष्य : कहानी का आशय समझकर अपना मत प्रकट करना।

**कहानी का यह अंश पढ़ें।**

"लड़की उधर जाती तो उन बेहूदे बच्चों के साथ शहतूत के पेड़ के नीचे धूल में से उठा-उठाकर शहतूत खाती। अम्मा को भय था, उन बच्चों के साथ डौली की आदतें बिगड़ जाने का।"

**15.1 अड़ोस-पड़ोस में रहनेवाले बच्चों के बीच भेद-भाव की दीवार खड़ा करना स्वस्थ समाज केलिए हितकर नहीं है। समर्थन करें।** 2

## 16. अध्ययन लक्ष्य : कहानी का आशय समझना।

**16.1 'आदमी का बच्चा' नामक कहानी की घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।**

- डौली को घर में अकेलापन महसूस होती है।
- माली के बच्चे की मृत्यु से डौली दुखी होती है।
- डौली को माली के बच्चों के साथ खेलने से मना करती है।
- मैनेजर साहब के बच्चों के साथ डौली को खेलने भेजती है।
- डौली पिल्लों के साथ खेलना पसंद करती है।
- पिल्लों को गरम पानी में डुबोकर मरवा देते हैं। 3

## 17. अध्ययन लक्ष्य : उचित कारकों का प्रयोग करना।

17.1 संशोधन करें।

**माली का नए बच्चे के रोने के आवाज़ आधी रात की, दुपहर में आने लगती। मिसेस बग्गा में यह बहुत बुरा लगता।** 2

## 18. अध्ययन लक्ष्य : जीवनी तैयार करने की अवधारणा।

**18.1 निम्नांकित जीवन वृत्त पढ़ें और शकुंतला की जीवनी तैयार करें।**

| | | |
|---|---|---|
| नाम | - | शकुंतला (सकुबाई) |
| पिता | - | तुकाराम जामड़े |
| माँ | - | लक्ष्मी |
| भाई-बहन | - | नितिन, वासंती |
| मातृभाषा | - | मराठी |
| पेशा | - | नौकरानी |
| शैक्षिक स्थिति | - | अनपढ़ |
| परिवार | - | एक बेटी |

4

**19. अध्ययन लक्ष्य : कार्यालय संबंधी पारिभाषिक शब्दों को पहचानना।**

**19.1 यह वार्तालाप पढ़ें, अंग्रेज़ी शब्द का हिंदी रूप लिखें।**

सुनिल - Manager साहब आए क्या?

Clerk - क्या काम है? बताइए।

सुनिल - मुझे एक नया Account खोलना है।

Clerk - यह Application form भरकर दीजिए। 2

**20. अध्ययन लक्ष्य : नाटक का आशय समझकर विश्लेषण करने की अवधारणा।**

"रोज़गार के लिए पढ़े-लिखे लोग भी घर-घर घूमते हैं और अनपढ़ भी।"

**20.1 ऐसा क्यों हो रहा है? समाज की इस स्थिति पर विचार करें।** 2

21. **अध्ययन लक्ष्य : प्रसंगानुकूल पोस्टर तैयार करने की अवधारणा।**

**21.1 जानवरों के प्रति अत्याचार रोकने का संदेश देते हुए पोस्टर तैयार करें।2**

22. **अध्ययन लक्ष्य : क्रिया विशेषणों का प्रयोग समझना।**

22.1 निम्नांकित खंड पढ़ें और क्रियाविशेषण चुनकर लिखें।

**सुमा मीठी आवाज़ में गा रही थी। सब लोगों ने ताली बजाकर उसका अभिनंदन किया। मुख्यातिथि ने सबके सामने उसकी प्रशंसा की। सुमा ने हाथ जोड़कर सबको धन्यवाद दिया।** 2

23. **अध्ययन लक्ष्य : प्रसंगानुकूल उद्घोषणा तैयार करना।**

**23.1 मान लें, आप के स्कूल में 'सकुबाई' नाटक का मंचन हो रहा है। मंचन की सूचना देते हुए उद्घोषणा तैयार करें।** 2

24. **अध्ययन लक्ष्य : क्रिया विशेषणों का प्रयोग करना।**

**24.1 कोष्ठक से उचित क्रिया विशेषण चुनकर खंड का पुनर्लेखन करें।**

**(धीरे-धीरे, तेज़ी से, देर से, ज़ोर से)**

**स्कूल की घंटी / बजी। बच्चे/ बस की तरफ़ भागने लगे। प्रवीणा छोटी थी, इसलिए / भाग रही थी। वह बस के पास / पहुँची।** 2

# Unit - 4

**25.अध्ययन लक्ष्य : साक्षात्कार की प्रश्नावली तैयार करना।**

**यह अंश पढ़ें।**

25.1 **प्रसिद्ध पहलवान गामा का साक्षात्कार लेने के लिए एक पत्रकार आया। साक्षात्कार के लिए पत्रकार द्वारा तैयार की गई प्रश्नावली लिखें।** 4

**26. अध्ययन लक्ष्य : विषयानुसार निबंध लिखने की अवधारणा।**

**26.1 बिंदुओं को विकसित करके 'प्राचीन भारत में गुरुकुल शिक्षा प्रणाली' विषय पर निबंध लिखें।**

- शिक्षा देना गुरु का कर्तव्य।
- शिष्य से पुत्र जैसा व्यवहार।
- गुरु के साथ रहकर विद्या पाना।
- बिना शुल्क के शिक्षा देना। 4

**27. अध्ययन लक्ष्य : योजकों का प्रयोग करना।**

**27.1 कोष्ठक से उचित योजकों का प्रयोग करके खंड का पुनर्लेखन करें।**

**(जितने - उतने, क्योंकि, तब तक, जब तक)**

मरीज़ों की संख्या बढ़ रही है। / लोगों की जीवन-शैली बदल गई है। अधिक अस्पताल खुलते हैं। / रोगियों की संख्या बढ़ती है।/ यही अवस्था चलती रहेगी / जीवन दुःखमय रहेगा। 3

**28. अध्ययन लक्ष्य : कहानी में अभिव्यक्त समस्या पारिवारिक संबंधों की शिथिलता की पहचान।**

**अंश पढ़ें।**

गजाधर बाबू ने बिना किसी भूमिका के कहा, "मुझे सेठ रामजीमल की चीनीमिल में नौकरी मिल गई। खाली बैठे रहने से तो चार पैसे घर में आएँ, वह अच्छा है। 2

**28.1 गजाधर बाबू के इस कथन से उनकी कौन - सी अवस्था और मनोभाव उभर आते हैं?** 2

## 29. अध्ययन लक्ष्य : समकालीन कविता का भाव समझना।

कविता का अंश पढ़ें, प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गली में आया एक बच्चा
आठ-दस साल का
ठंड में ठिठुरता हुआ
पीपनी बजाकर
गुब्बारे बेचता हुआ।
मुझे प्यार आता है उस बच्चे पर
रोज़-रोज़ आए
यह बच्चा मेरी गली में।

**29.1. बच्चा गली में क्या कर रहा था?** 1

**29.2 . कवि को बच्चे पर क्यों प्यार आ रहा था?** 1
**(बच्चे की विवशता देखकर, बच्चे का सौंदर्य देखकर, बच्चे की आवाज़ सुनकर)**

**29.3. कवितांश का भाव लिखें।** 2

## 30.अध्ययन लक्ष्य : दोहों का आशय समझना।

**30.1 सही जोड़े बनाएँ।**

मुआ - दोनों
दोऊ - मेघ
मेह - आगमन
आवत - मरा हुआ 2

## 31. अध्ययन लक्ष्य : दोहों का आशय समझना।

**31.1 यह दोहा पढ़ें और उसका तत्व लिखें।** 1

तरुवर फल नहिं खात हैं, सरवर पियहिं न पान।
कहि रहीम परकाज हित, संपति सँचहिं सुजान।।

**32. अध्ययन लक्ष्य : मध्यकालीन कविता का आशय समझना।**

तुलसीदास का यह दोहा पढ़ें।

"काम क्रोध मद लोभ की, जौं लौं मन में खान।
तौं लौं पंडित मुरखौ, तुलसी एक समान।।"

**32.1 यहाँ तुलसीदास ने पंडित और मूर्ख को एक समान माना है– दोहे के संदर्भ में यह कितना सार्थक है?** 2

**33. अध्ययन लक्ष्य : कहानी की घटनाओं को क्रमबद्ध करना।**

**33.1 'वापसी' कहानी की घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।**

- नौकर को घर से निकालना।
- चीनी मिल में नौकरी के लिए जाना।
- गजाधर बाबू का सेवा-निवृत्त होकर घर लौट आना।
- बेटे और बहु के क्रोध का शिकार बनना।
- पत्नी की शिकायत भरी बातें सुनकर दुखी होना। 2

**34. अध्ययन लक्ष्य : पात्र की चरित्रगत विशेषताओं की विश्लेषणात्मक टिप्पणी लिखने की अवधारणा।**

इस दुनिया में जीने के लिए संघर्ष करनेवाली एक मेहनतकश महिला का आत्मालाप है- 'सकुबाई' नाटक।

**34.1 सकुबाई की चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी लिखें।** 3

**35. अध्ययन लक्ष्य : प्रसंगानुसार संपादकीय लिखने की अवधारणा।**

झूठे विज्ञापन और प्रलोभन के द्वारा व्यापारी अपने ग्राहकों को धोखा देते हैं। यह एक गंभीर समस्या बन गई है।

**35.1 इस समस्या पर एक संपादकीय तैयार करें।** 4

**36. अध्ययन लक्ष्य** : **प्रसंगानुकूल पत्र लिखने की अवधारणा।**

**36.1 "गजाधर बाबू पैंतीस साल की नौकरी से सेवा-निवृत्त होकर घर जाने वाले हैं। वे अपने मन की कई आशाओं के साथ बीवी के नाम पत्र लिखते हैं।" - वह पत्र लिखें।**

**37. अध्ययन लक्ष्य** : **प्रसंगानुसार डायरी लिखने की अवधारणा।**

**37.1 मान लें 'सकुबाई' नाटक का मंचीकरण हुआ है। आप नाटक से बहुत प्रभावित हुए। उस दिन की अपनी डायरी लिखें।** 4

**38. अध्ययन लक्ष्य** : **प्रसंगानुकूल पोस्टर तैयार करने की अवधारणा।**

38.1 **स्कूल वार्षिकोत्सव के अवसर पर आपके स्कूल में 'सकुबाई' नाटक का मंचीकरण होनेवाला है। इसके लिए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें।** **2**

**39.अध्ययन लक्ष्य : विराम चिह्नों का सही प्रयोग करना।**

**39.1 उचित विराम चिह्न लगाकर वाक्य का पुनर्लेखन करें।** 2

विनोबा जी एक बार गाँधीजी के पास पहुँचे और उनके सामने पैसा रखा बापू ने पूछा यह पैसा क्यों रखा विनोबा जी ने कहा हम देवदर्शन करते समय कुछ भेंट चढ़ाते हैं।

**39.2 उचित विराम चिह्न लगाकर वाक्य का पुनर्लेखन करें।** 2

महान दार्शनिक संत समाज सुधारक जैसे व्यक्तित्व एक राष्ट्र का गौरव है एक कहावत है एक महान पैदा होते हैं कुछ महानता प्राप्त करते हैं।

**40. अध्ययन लक्ष्य : वर्तनी का सही प्रयोग करना।**

**40.1 संशोधन करके लिखें।**

विद्यार्थी समाच में रहता है। उनका ज्ञान बडाने के लिए ऐसा सिनेमा बनाना छाहिए जो उनके चरित्र को ऊबर उठा सके। 2

**40.2 आज की बहुत सी पढ़ी लिखी स्त्रीयाँ दफ़तरों में काम करने जाती हैं। वे अपने बच्चों को नौकरों की देकरेख में चोडकर च्ली जाती है। बुरी संगति में पढकर बच्चे बिगड़ जाते हैं।** 2

**41. अध्ययन लक्ष्य : अनुवाद करने की अवधारणा।**

41.1 यह अंश पढ़ें और अनुवाद करें।

**स्वार्थी लोग आर्थिक लाभ के लिए पेड़-पौधों को काट देते हैं। बड़ी मात्रा में पेड़ों के कट जाने से प्रकृति में असंतुलन आ जाता है। ऋतुएँ अदल-बदल जाती हैं।** 3

41.2 **देश की सुरक्षा और सेवा के क्षेत्र में एन.सी.सी का महत्वपूर्ण स्थान है। इससे युवक - युवतियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। उनमें देश-भक्ति की भावनाओं का स्वाभाविक विकास होता है।** 3

**41.3. आजकल व्यापार के क्षेत्र में भ्रष्टाचार चलता है। दूध में पानी मिलाने से लेकर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने तक होता है। ज़रूरी चीज़ों के दाम बढ़ाकर ग्राहकों को फंसाते हैं।** 3

**42.अध्ययन लक्ष्य : उद्घोषणा तैयार करने की अवधारणा।**

42.1 **मैगसैसे पुरस्कार विजेता श्रीमती डॉ.वी.शांता को अड़यार कैंसर इंस्टीट्यूट में भव्य स्वागत होने वाला है। इसकी सूचना देते हुए एक उद्घोषणा तैयार करें।** 2

**43. अध्ययन लक्ष्य : विषयानुसार जीवनी तैयार करने की अवधारणा।**

**43.1 यह जीवन वृत्त पढ़ें और जीवनी तैयार करें।**

| | |
|---|---|
| नाम | - यशपाल |
| जन्म | - 1903 |
| स्थान | - पंजाब के फिरोज़पुर छावनी |
| कार्यक्षेत्र | - स्वतंत्रता सेनानी, कहानीकार, उपन्यासकार, समाज सेवी, प्रगतिवादी साहित्यकार। |
| रचनाएँ | - झूठा सच, दादा कामरेड, दिव्या, अमिता, आदमी का बच्चा |
| मृत्यु | - 1976 |

4

**44. अध्ययन लक्ष्य : विषयानुसार भाषण तैयार करने की अवधारणा।**

**44.1 निम्न लिखित बिंदुओं को पढ़ें। मैगसैसे पुरस्कार विजेता डॉ.वी.शांता के अनुमोदन समारोह पर उनका भाषण तैयार करें।**

- पुरस्कार प्राप्ति में खुशी व समारोह के लिए शुक्रिया।
- चाचा सी.वी.रामन की प्रेरणा पाकर सेवा-भावना।
- सरकारी नौकरी त्यागकर कैंसर पीड़ितों की सेवा।
- जीवन-शैली का प्रभाव कैंसर पर।
- आगे की योजनाएँ। 4

**45. अध्ययन लक्ष्य : विषयानुसार निबंध लिखने की अवधारणा।**

**45.1 'समाज बदल रहा है, मानवीय मूल्य नष्ट हो रहे हैं।' इस विषय पर बिंदुओं को विकसित करके निबंध लिखें।**

- सेवा का महत्व न पहचानना।
- आपसी संबंध का अभाव।
- पैसे की कमाई को लक्ष्य समझना।
- स्वार्थ की भावना।
- जीवन-मूल्यों को भूल जाना। 4

**46. अध्ययन लक्ष्य : कविता का आशय समझना और भाव लिखना।**

यह कवितांश पढ़ें।

मैंने पूछा शहर में एक ग्रामीण से
आखिर क्यूँ जाते हो शहरों की ओर
प्रति उत्तर मिलता है –
गाँवों में न शिक्षा है न काम है,
प्रकृति भी नहीं देती साथ है,
पेट भरने की आशा व
नए समय के नए सपनों को
संजोने के लिए गाँव के लोग।।

**46.1 गाँव छोड़कर शहर की ओर पलायन करने से अपनी सारी उम्मीदों की पूर्ति होती हैं क्या? अपना मत प्रकट करें।** 1

**46.2 कविता का भाव लिखें।** 2